# कोटा ज़िले में नवीन ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के निर्माण से संबंधित कार्यों के लिये 120.80 करोड़ रुपए स्वीकृत

## चर्चा में क्यों?

11 दिसंबर, 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के कोटा ज़िले में प्रस्तावित नवीन ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के निर्माण से संबंधित कार्यों के लिये 80 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को मंज़ूरी प्रदान की है।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने नवीन ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट क्षेत्र में ई.एच.वी. पावर लाइनों को शिफ्ट करवाने हेतु लगभग 40 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान को भी स्वीकृति दी है।
- प्रस्ताव के अनुसार, कोटा में नवीन ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के निर्माण से संबंधित कार्यों के लिये 80 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गए हैं, जिसमें से 45 करोड़ रुपए नगर विकास न्यास कोटा तथा शेष 75.80 करोड़ रुपए राज्य सरकार द्वारा वहन किये जाएंगे।
- इसके अलावा, एयरपोर्ट क्षेत्र में आ रही ई.एच.वी. पावर लाइनों को शिफ्ट करने का कार्य पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। इस कार्य के लिये लगभग 40 करोड़ रुपए राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के आरओई से व्यय किये जाएंगे।
- मुख्यमंत्री के इस निर्णय से शैक्षणिक एवं औद्योगिक नगरी के रूप में कोटा का अंतर्राज्यीय हवाई मार्ग से संपर्क हो सकेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rs-120-80-crore-approved-for-works-related-to-construction-of-new-green-field-airport-in-kota-district